आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–13 मई 2024 **सान्ध्य समाचार**

सात चरणों में हो रहे लोकसभा चुनाव के चौथे चरण के अंतर्गत आज प्रदेश की तेरह संसदीय सीटों शाहजहांपुर, खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई, मिश्रिख, उन्नाव, फर्रूखाबाद, इटावा, कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर और बहराइच के लिए शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हो रहा है। मतदान की प्रक्रिया सुबह सात बजे से शुरू हुई। आखिरी सूचना प्राप्त होने तक शाम छह बजे तक जितने भी मतदाता, मतदेय स्थलों पर कतारबद्ध थे, उनका मतदान कराया जा रहा है। आज प्रदेश की जिन तेरह संसदीय सीटों पर मतदान हो रहा है, वहां कुल 1 सौ 30 प्रत्याशी मैदान में हैं। चौथे चरण के लिए 26 हजार पांच सौ 88 पोलिंग बूथ बनाये गयें थें। शाहजहांपुर जिले के ददरौल विधानसभा उपचुनाव के लिये भी आज मतदान हो रहा है। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान के लिए प्रभावी सुरक्षा व्यवस्था की गई।

चुनाव आयोग से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार आज शाम पांच बजे तक प्रदेश में छप्पन दशमलव तीन पांच प्रतिशत मतदान हुआ था। इस समय तक खीरी में सर्वाधिक बासठ दशमलव सात पांच प्रतिशत तथा सबसे कम कानपुर में पचास दशमलव नौ एक प्रतिशत मतदान हुआ था। अन्य सीटों पर शाहजहांपुर में इक्यावन दशमलव पांच दो प्रतिशत, धौरहरा में बासठ दशमलव सात दो प्रतिशत, सीतापुर में साठ दशमलव नौ शून्य. प्रतिशत, हरदोई में पचपन दशमलव सात तीन प्रतिशत, मिश्रिख में चौवन दशमलव तीन सात प्रतिशत, उन्नाव में तिरपन दशमलव नौ सात प्रतिशत, फर्रूखाबाद में छप्पन दशमलव नौ तीन प्रतिशत, इटावा में चौवन दशमलव तीन पांच प्रतिशत, कन्नौज में उन्सठ दशमलव शून्य पांच प्रतिशत, अकबरपुर में पचपन दशमलव दो दो प्रतिशत और बहराइच में पचपन दशमलव नौ सात प्रतिशत मतदाताओं ने शाम पांच बजे तक अपने मताधिकार का प्रयोग कर लिया था।

****

प्रधानमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता नरेंद्र मोदी कल वाराणसी संसदीय सीट के लिए अपना नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। इसके पहले आज शाम वह वाराणसी पहुँचकर मेगा रोड शो कर रहे हैं। करीब पांच किलोमीटर लंबा रोड शो बनारस हिंदू विश्वविद्यालय के बाहर महामना मदन मोहन मालवीय की प्रतिमा पर माल्यार्पण के बाद शुरू हुआ। रोड शो में मोदी समर्थकों का हुजूम नजर आ रहा है। इसमें अल्पसंख्यक तबके के लोग भी शामिल हैं। पीएम मोदी के इस रोड–शो में मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ भी मौजूद हैं। लघु भारत का दृश्य बनाने वाला यह रोड शो काशी विश्वनाथ धाम पर खत्म होगा।

****

लोकसभा चुनाव के पाचवें, छठवें और सातवें चरण के लिए विभिन्न राजनीतिक दलों के वरिष्ठ नेताओं ने प्रचार अभियान और तेज कर दिया है। मुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता योगी आदित्यनाथ ने आज बाराबंकी, रायबरेली और बांदा लोकसभा सीटों के लिए चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस और सपा पर निशाना साधते हुए कहा कि चौथे चरण के मतदान के साथ ही मोदी लहर अब सुनामी बन चुकी है। कांग्रेस की स्टार प्रचारक राहुल गांधी ने अपने चुनावी क्षेत्र रायबरेली में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने मोदी सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार युवाओं को रोजगार देने की बजाय पकौड़े तलने को कहती है। रायबरेली की जनसभा को राहुल गांधी की बहन और कांग्रेस की स्टार प्रचारक प्रियंका गांधी ने भी संबोधित किया। उधर कन्नौज में मतदान का हाल जानने पहुंचे सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में दावा किया कि जनता भाजपा के खिलाफ मतदान कर रही है। बसपा की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने आज लखनऊ में एक चुनावी रैली को संबोधित कर मोहनलालगंज और लखनऊ सीट के बसपा प्रत्याशियों का प्रचार किया।

****

केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा परिषद, सीबीएसई ने आज दसवीं और बारहवीं कक्षा की बोर्ड परीक्षा के परिणाम घोषित कर दिये हैं। वर्ष 2024 में बारहवीं के बोर्ड नतीजों में 91 दशमलव पांच दो प्रतिशत छात्राएं तथा 85 दशमलव एक दो प्रतिशत छात्र उत्तीर्ण हुए हैं। बारहवीं में कुल 87 दशमलव नौ आठ प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए हैं। जबकि दसवीं की बोर्ड परीक्षा में 93 दशमलव छह शून्य विद्यार्थी पास हुए हैं। इनमें छात्राओं की भागीदारी 94 दशमलव दो पांच और छात्रों की भागीदारी 92 दशमलव दो सात प्रतिशत है। परीक्षा परिणाम सीबीएसई की आधिकारिक रिजल्ट्स वेबसाइट पर उपलब्ध है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट लिखकर सीबीएसई की बारहवीं बोर्ड परीक्षा में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

****

राजधानी लखनऊ के कुछ स्कूलों को आज ईमेल भेजकर उन्हें बम से उड़ाने की धमकी को गंभीरता से लेते हुए पुलिस ने बम निरोधक दस्तों के साथ इन स्कूलों में सघन जांच की। किसी भी जगह से कोई संदिग्ध वस्तु बरामद नही हुई। पुलिस धमकी वाले ईमेल की जांच कर रही है।

****